वेयरहाउसगि (गोदाम) उपलब्धता वाले शहरों में पटना का दूसरा स्थान

चर्चा में क्यों?

हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय संगठन नाइट फ्रेंक इंडिया द्वारा जारी 'इंडिया वेयरहाउसगि मार्केट रिपोर्ट-2022' में वेयरहाउसगि (गोदाम) उपलब्धता वाले शहरों में बिहार के पटना को दूसरा स्थान मिला है।

प्रमुख बिंदु

- वित्तीय वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में वेयरहाउसगि (गोदाम) उपलब्धता वाले शहरों में पटना ने इस दौड़ में गुवाहाटी, जयपुर, लुधियाना आदि शहरों को पीछे छोड़ दिया है। पटना में वित्तीय वर्ष 2021 की तुलना में 2022 में 9 लाख (9 मिलियन) वर्ग फीट जगह वेयरहाउसगि के लिये सृजित हुई है।
- पहले स्थान पर भुवनेश्वर शहर 527 प्रतिशत विकास दर के साथ रहा है। तीसरे स्थान पर 148 प्रतिशत विकास दर के साथ सिलीगुड़ी है।
- अंतर्राष्ट्रीय संगठन नाइट फ्रेंक इंडिया द्वारा जारी 'इंडिया वेयरहाउसगि मार्केट रिपोर्ट-2022' के अनुसार पटना ने इस क्षेत्र में वित्तीय वर्ष 2022 में 309 प्रतिशत की विकास दर प्राप्त की है।
- पटना के चारों ओर 35 किलोमीटर के दायरे में वेयरहाउसगि का असंगठित बाज़ार तेज़ी से विकसित हो रहा है। पटना-गया रोड से दक्षिण, एनएच 922 से पश्चिम और एनएच 31 से पूर्व और पटना से 20 किलोमीटर उत्तर हाजीपुर इलाके में वेयरहाउसगि क्लस्टर विकसित हो रहा है।
- पटना के बिहटा, गौरीचक, फतुहा, जीरो माइल, दीदारगंज और खगौल आदि इलाकों में इसके विस्तार की दर सबसे ज़्यादा है। पटना के आसपास कोका कोला, फ्लिपकार्ट, जीएसके, पेप्सी आदि कंपनियों के वेयरहाउस मौजूद हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/patna-ranks-second-among-cities-with-warehousing-warehouse-availability